हरिभूमि
कोरबा भूमि
बिलासपुर, शनिवार 30 अगस्त 2025
दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा

4
दीपका खदान विस्तार को लेकर ग्रामीणों ने सरपंच पर दबाव बनाने लगाया आरोप



## खबर संक्षेप

### रेशम, कृषि मेला में शामिल होंगे उप मुख्यमंत्री साव



**कोरबा।** प्रदेश के उप मुख्यमंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री अरूण साव 30 अगस्त को पाली ब्लाक मुख्यालय में आयोजित रेशम, कृषि मेला में शामिल होंगे। जारी कार्यक्रम के अनुसार उप मुख्यमंत्री श्री साव प्रातः 10 बजे बिलासपुर से प्रस्थान कर 11 बजे पाली पहुंचेंगे। यहां कार्यक्रम में शामिल होने के पश्चात दोपहर 12.30 बजे पाली से बिलासपुर के लिये प्रस्थान करेंगे।

### कृषि स्थायी समिति की बैठक 3 सितंबर को

**कोरबा।** जिला पंचायत की कृषि स्थायी समिति की बैठक 3 सितंबर को दोपहर 12 बजे समिति की सभापति श्रीमती अनंत सुष्मिता कमलेश की अध्यक्षता में जिला पंचायत कोरबा के सभाकक्ष में आहूत की गई है।

### एसटी और एससी वर्ग होगा परस्पर परिवर्तनशील

**कोरबा।** प्रयास बालक/कन्या आवासीय विद्यालय कोरबा में कक्षा 11 वीं में रिक्त 20 सीटों पर प्रवेश हेतु प्रवेश प्राक्चयन परीक्षा 24 अगस्त को आयोजित किया गया था। पेपर जांच पश्चात परीक्षा परिणाम, चयन सूची व प्रतीक्षा सूची जारी की गई है। जिसके पेज क्रमांक 10 में टीप में एसटी और जनरल बालिका का सीट रिक्त होने पर एसटी के मैरिट से बालिकाओं को लिया जाएगा ऐसा अंकित हुआ है। इस संबंध में कार्यालय सहायक आयुक्त आदिवासी विकास से प्राप्त जानकारी अनुसार प्रयास नियमावली 2020 के तहत बिन्दु क्रमांक 7 प्रवेश में आरक्षण के तहत एसटी और एससी वर्ग परस्पर परिवर्तनशील होगा। इसी तरह ओबीसी और जनरल परस्पर परिवर्तनशील होगा।

### मंगलवार- शुक्रवार को होगा शिशु संरक्षण माह

**कोरबा।** शिशु संरक्षण माह विटामिन ए अनुपूरण कार्यक्रम 29 अगस्त से 30 सितम्बर तक आयोजित किया जा रहा है। इस दौरान शिशु स्वास्थ्य संवर्धन से संबंधित राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों की गतिविधियों सफल संचालन व सेवाओं की प्रदायगी का सुदृढ़किरण किया जाएगा।
जिले में शिशु संरक्षण माह वर्ष में दो बार 6 माह के अन्तराल में आयोजित किया जाता है जिसमें प्रत्येक मंगलवार तथा शुक्रवार को समस्त शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों के ऑगबाड़ी केन्द्रो/टीकाकरण केन्द्रों में निर्धारित सत्रों में 9 माह से 5 वर्ष तक के बच्चों को विटामिन ए तथा 6 माह से 5 वर्ष तक के बच्चों को आईएफए सीरप पिलाया जा रहा है। साथ ही एनीमिया स्क्रीनिंग कि जा रही है। टीकाकरण से छूटे हुए तथा नियमित टीकाकरण के लक्षित बच्चों को टीके लगाये जा रहे हैं। दवा पिलाने से बच्चों में रतौंधी, श्वांस संक्रमण, बुखार तथा कुपोषण की संभावना कम हो जाती है साथ ही आयरन फोलिक एसिड सीरप खून की कमी को दूर करने के लिए बच्चों कों दिया जा रहा है।

# बिना टेंडर के पंचायतें अब करा सकेंगी 50 लाख रुपए का विकास कार्य

## सीसी रोड से लेकर भवन निर्माण तक के कार्य शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

राज्य शासन के द्वारा ग्राम पंचायतों को विकास कार्यों के क्षेत्र में और अधिक सशक्त बनाने के उद्देश्य से उनको और अधिकार दिये जा रहे हैं। ग्राम पंचायत बड़ी निर्माण एजेंसी के रुप में सामने आ रही है। पूर्व में उसे 20 लाख रुपए तक के कार्य कराने का अधिकार दिया गया था। जिसे बढ़ाकर अब 50 लाख कर दिया गया है। जिसमें सीसी रोड से लेकर भवन निर्माण तक के काम शामिल है।

ग्रामीण क्षेत्रों में पैसों की कमी के कारण और कम बजट की वजह से प्रभावित होने वाले विकास कार्यों को देखते हुए ग्राम पंचायतों को आर्थिक रुप से सक्षम बनाने के लिए उनके अधिकार क्षेत्र में आने वाली खर्च की राशि में बढ़ोत्तरी की गई है। इनमें सभी तरह के विकास कार्य शामिल हैं। 50 लाख तक के कार्य निर्माण एजेंसी के रुप में ग्राम पंचायत करा सकती है। इसके लिए उसे किसी टेंडर की भी आवश्यकता नहीं होगी। ग्राम सभा में पारित कार्यों को इस राशि से कराया जा सकेगा। पूर्व में ग्राम सभा में अक्सर विभिन्न तरह के छोटे बड़े विकास एवं निर्माण कार्य को लेकर प्रस्ताव तैयार करने का मुद्दा उठता था, जिसमें यह बात सामने आती थी कि पंचायतों को अपने अंतर्गत आने वाले क्षेत्रों में विभिन्न तरह के दी जाने वाली राशि अब कम पड़ने लगी है, जिसे बढ़ाया जाए। इस मांग को देखते हुए प्रस्ताव शासन को पूर्व में भेजा गया था। जनपद पंचायत से लेकर जिला पंचायत से लेकर बैठकों में यह मुद्दा उठा था। उसके बाद खर्च की सीमा बढ़ाई गई है।

### खास बातें

- सब इंजीनियर तैयार करेंगे ले-आउट
- पंचायतों को पूर्व में 20 लाख रुपए तक के कार्य कराने का था अधिकार

### अधिकार क्षेत्र के बाहर कार्य

बीते कुछ दिनों से यह बात सामने आ रही है कि ग्राम पंचायतों में डीएमएफ से स्वीकृत कार्यों को जिसमें एक बड़ी राशि खर्च हो रही है उनके लिए ग्राम पंचायतों को निर्माण एजेंसी बनाया गया है किंतु उनके कार्य ग्राम पंचायतों के क्षेत्र में न होकर निकाय क्षेत्रों में हो रहे हैं। जनपद पंचायत के परिसर में जो निर्माण कार्य हो रहे हैं उसके लिए ग्राम पंचायत को एजेंसी बनाया गया है। इसी तरह कटघोरा में नगर पालिका कटघोरा क्षेत्र अंतर्गत जो कार्य हो रहे हैं। उनके लिए भी ग्राम पंचायत को निर्माण एजेंसी बनाया गया है।

### बढ़ती महंगाई का भी पड़ा असर

वर्तमान में निर्माण सामग्रियों के बढ़ते दामों का असर भी पड़ा है। मजदूरी और मटेरियल सामग्री के बढ़ते दामों के कारण 20 लाख तक के राशि से छोटे छोटे कार्य ही हो पाते थे। पहुंच मार्गों के निर्माण कार्यों के लिए राशि कम पड़ती थी। जिसके कारण कई पंचायतें हैं जिनके आश्रित ग्राम पारेटोले तक अभी भी पहुंच मार्ग नहीं बने हैं। जहां सड़क निर्माण के लिए अब राशि की कमी नहीं पड़ेगी। इतनी बड़ी राशि से छोटे छोटे पहुंचमार्ग का निर्माण किया जा सकेगा।

## एनकैप में शामिल शहरों के वायु सर्वेक्षण पर सेल्फ असेस्मेंट रिपोर्ट में खुलासा

# पांच साल में 200 करोड़ खर्च करने पर भी कोरबा, रायपुर और भिलाई की हवा खराब

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

राज्य के कोरबा, रायपुर और दुर्ग शहर की हवा लगातार जहरीली हो रही है। यहां प्रदूषण की मात्रा तय मानक से लगभग 15 माइक्रो मीटर अधिक है। नेशनल क्लीन एयर प्रोग्राम के तहत बीते पांच सालों में इन शहरों की हवा की गुणवत्ता सुधारने के लिए 200 करोड़ रूपये खर्च किए गए हैं। तीनों निकायों के इंजीनियरों को बकायदा हैदराबाद में ट्रेनिंग भी दी गई है। बावजूद इसके कोई सुधार नजर नहीं आ रहा है। हाल ही में सामने आई सेल्फ असेस्मेंट रिपोर्ट ने चौकाने वाली तस्वीर पेश की है।

इन शहरों में पार्टिकुलेट मैटर (पीएम 10) का स्तर तय मानक से 15 माइक्रो मीटर अधिक है, जो स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा बन रहा है। प्रशासन ने कई उपाय किए हैं, लेकिन प्रदूषण पर काबू नहीं पाया जा सका है। यह स्थिति न केवल सरकारी योजनाओं की प्रभावशीलता पर सवाल उठाती है, बल्कि नागरिकों के स्वास्थ्य को लेकर भी चिंता बढ़ा रही है। दरअसल 15वें वित्त के अंतर्गत



फाइल फोटो

प्रदेश के तीन एनकैप (नेशनल क्लीन एयर प्रोग्राम) शहरों में रायपुर, भिलाई और कोरबा को शामिल किया गया है। इन शहरों में हवा की गुणवत्ता सुधारने के लिए एक मॉनिटरिंग सिस्टम बनाया गया है। इन शहरों के अधिकारी लगातार हवा की क्वालिटी सुधारने की प्लानिंग कर रहे हैं। इसके लिए तीनों ही शहरों में कई तरह के प्रोग्राम चलाए जा रहे हैं। पीएम 10 का अर्थ है कणिकीय पदार्थ (पार्टिकुलेट मैटर) जिनका व्यास 10 माइक्रो मीटर या उससे कम होता है और ये श्वास के जरिए फेफड़ों में पहुंचकर गंभीर स्वास्थ्य समस्याएं पैदा करते हैं। राजधानी रायपुर में यह 75, भिलाई में 69 और कोरबा में 65 है, जबकि एवरेज 60 से कम होना चाहिए। हवा की क्वालिटी खराब होने में मुख्य रूप से औद्योगिक गतिविधियों, निर्माण स्थलों, वाहनों की संख्या, कृषि और कोयला या लकड़ी जलाना जिम्मेदार है। साथ ही प्राकृतिक स्त्रोतों जैसे जंगलों की आग और पराग कणों से भी आते हैं। जनजागृति के लिए वॉल पेंटिंग, इंफरमेशन, एजुकेशन एंड कम्यूनिकेशन किया जा रहा है। दरअसल प्रशासन ने प्रदूषण कम करने के लिए कई कदम उठाए। जैसे निमोरा में प्रशासनिक अकादमी में ट्रेनिंग प्रोग्राम, पब्लिक आउट्रेज एक्टिविटी और सड़कों की नियमित सफाई, लेकिन यह प्रयास नाकाम साबित हुए हैं। दरअसल प्रदूषण के स्त्रोतों पर सख्ती से नियंत्रण और दीर्घकालीक नीतियों के कारण परिणाम नहीं मिले हैं। उदाहण के लिए कोरबा जैसे औद्योगिक शहर में कोयला आधारित संयंत्र पर प्रदूषण नियंत्रण उपकरण की नियमित जांच नहीं हो रही है।

### वायु प्रदूषण रोकने चल रहे कई योजना

पिछले पांच सालों में एनकैप के तहत रायपुर, भिलाई और कोरबा में वायु प्रदूषण कम करने के लिए कई योजनाएं चलाई गई है। जिनमें 200 रूपये खर्च किए गए हैं। इनमें मुख्य रूप से खराब सड़कों के पेंच रिपेयरिंग और पेवर ब्लॉक लगाने का कार्य, इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए चार्जिंग स्टेशन स्थापित किए गए हैं। बायोमास जलाने से रोकने के लिए इंसीनरेटर की स्थापना, निर्माण स्थलों से निकाले वाले कचरे के प्रबंधन के लिए संयंत्र, वाप पेटिंग, सूचना, शिक्षा और संचार अभियान भी चलाया गया है। इन प्रयासों के बावजूद हवा की गुणवत्ता में सुधार नहीं हुआ है। विशेषज्ञों का कहना है कि योजनाओं का क्रियान्वयन सतही रहा और कई जगहों पर केवल कागजी कार्यवाही हुई। उदाहरण के लिए निर्माण स्थलों पर धूल नियंत्रण के लिए पर्याप्त उपाय नहीं किए गए और औद्योगिक इकाईयों पर उत्सर्जन मानकों का पालन सख्ती से नहीं कराया गया।

### बीमारी का बढ़ रहा खतरा

दरअसल ये पीएम 10 कण हवा में मौजूद धूल और विभिन्न तत्वों के छोटे कण होते हैं जो सांस लेने के दौरान फेफड़ों में जाकर स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचा सकते हैं। ये कण श्वास संबंधी समस्याओं जैसे खांसी, अस्थमा और ब्रोंकाइटिस को बढ़ा सकते हैं। लंबे समय तक ऐसे हालात में रहने पर हृदय रोग का खतरा भी बढ़ जाता है। ये कण श्वसन प्रणाली पर सबसे अधिक नकारात्मक प्रभाव डालते हैं।

# केबल घोटाले की जांच के लिए गांव गांव पहुंचेगी टीम

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

आरडीएसएस योजना के तहत जिले में किए गए काम के दौरान घोटाला सामने आया है। पहले ही वरिष्ठ अफसरों ने इस घोटाले की परत दर परत जांच के लिए 5 टीम गठित कर दिया है अब किस अधिकारी को किस इलाके में जांच करनी है इसका भी शेड्यूल जारी कर दिया गया है। ग्रामीण क्षेत्रों में किए गए काम की लोकेशन संख्या के आधार पर जांच टीम मौके पर पहुंच रही है और सामग्री की गुणवत्ता के आवश्यक निरीक्षण और परीक्षण के लिए नमूना संग्रहित कर रही है। जांच पूरी होने के बाद यह टीम कार्यपालक निदेशक को रिपोर्ट सौंपेगी।

उल्लेखनीय है कि आरडीएसएस योजना के तहत संभाग के विभिन्न जिलों में करोड़ों की लागत से कार्य किया जा रहा था। जिले में भी लगभग 110 करोड़ के तहत कार्य किया गया था। जिसमें कोरबा जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में ज्यादातर काम किया गया। ठेका कंपनी द्वारा गुणवत्ताविहीन सामग्रियों का इस्तेमाल किया गया है। घोटाले की शिकायत सामने आने के बाद कार्यपालक निदेशक ने कोरबा जिले में जांच के लिए 5 अलग अलग टीम बनाई है जिसमें उक्त टीम द्वारा कोरबी, पसान, बांगो, पाली, कटघोरा, दर्री, छुरी, चैतमा, बरपाली, कटघोरा ग्रामीण, सोहागपुर, भैसमा, हरदीबाजार, भिलाईबाजार के लोकेशन में टीम पहुंचेगी और मामले की जांच करेगी। कार्यपालन निदेशक ने आदेश जारी किया है जिसमें जांच दल के सदस्यों के कार्यों का भौतिक सत्यापन कर पंचनामा स्वरुप जांच प्रतिवेदन तैयार करेंगे एवं सामग्रियों के गुणवत्ता के आवश्यक निरीक्षण एवं परीक्षण के लिए नमूना संग्रहित कर रहे है। जांच पूरी होने के बाद एक सप्ताह के भीतर रिपोर्ट कार्यपालन निदेशक को सौंपेगी।

### इन अधिकारियों को सौंपी गई जिम्मेदारी

कार्यपालक निदेशक ने कोरबा जिले की जांच के लिए 5 अलग अलग टीम बनाई है। जिसमें जी एल सतनामी कार्यपालन यंत्री कोरबा, नरपाल सिंह पंकज सहायक यंत्री कोरबा, एन.पी. सोनी सहायक यंत्री पाली, अमीत कुमार नेताम कनिष्ठ यंत्री पसान को कोरबी एवं पसान की जांच की कमान सौंपी गई है। इसी तरह एस. के. जायसवाल कार्यपालन यंत्री, बिलासपुर, दिनेश कुमार पालके सहायक यंत्री बांगों, बी.के. धारिया सहायक यंत्री कोरबा, मंजु कंवर कनिष्ठ यंत्री बांगों, अंजुलेश पैन्करा कनिष्ठ यंत्री, तुलसीनगर जोन, भगत राम कंवर कनिष्ठ यंत्री, दर्री जोन को बांगो की कमान सौंपी गई है। एस. के. खाखा कार्यपालन यंत्री, बिलासपुर, शेखर सोनी सहायक यंत्री, कटघोरा, अभिषेक मारकण्डे कनिष्ठ यंत्री चैतमा, प्रकाश कंवर कनिष्ठ यंत्री पोड़ी, नमन डिक्सेना कनिष्ठ यंत्री, दीपका को पाली की कमान सौंपी गई है।

# संपत्ति चोरी के मामले में एसईसीएल ने 6 कर्मियों को किया निलंबित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एसईसीएल के सतर्कता विभाग ने सूत्रों से प्राप्त जानकारी के आधार पर त्वरित कार्रवाई करते हुए कंपनी की संपत्ति की चोरी में संलिप्त कर्मियों की पहचान की है। एसईसीएल कोरबा क्षेत्र की राजगमार एवं ढेलवाड़ीह खदानों के कुछ कर्मियों द्वारा स्टोर से सामान इशू करवाने के बाद लोहे, स्क्रैप को कबाड़ी की दुकानों पर बेचे जाने की गतिविधि सामने आई थी। सतर्कता विभाग की टीम ने संबंधित गाड़ियों की संख्या के आधार पर जांच कर दोषी कर्मियों की पहचान की। कोरबा क्षेत्रीय प्रबंधन ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए दोषी पाए गए 6 कर्मियों पर तत्काल प्रभाव से निलंबन की कार्यवाही की है। एसईसीएल प्रबंधन कंपनी की संपत्ति की सुरक्षा और पारदर्शिता के लिए प्रतिबद्ध है तथा इस प्रकार की गतिविधियों के प्रति शून्य सहनशीलता की नीति अपनाता है। प्रबंधन ने स्पष्ट किया है कि भविष्य में भी इस तरह की किसी भी अनियमितता या भ्रष्टाचार को कड़े स्तर पर निपटाया जाएगा। ज्ञात हो कि इससे पहले एसईसीएल की कॉलोनियों में अवैध बिजली कनेक्शन को लेकर भी सतर्कता विभाग द्वारा कार्यवाही की गई थी। इसके साथ ही प्रोजेक्ट डिजीकोल के अंतर्गत आधुनिक संसर तकनीक से डीजल चोरी जैसी गतिविधियों पर भी लगाम लगाने की दिशा में पहल की है।

### खास बात


- सतर्कता विभाग ने की त्वरित कार्यवाही

# नशे की हालत में स्कूल में सोते मिले प्रधानपाठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले के ग्रामीण अंचलों में संचालित शासकीय स्कूलों में शिक्षकों की लापरवाही लगातार सामने आते रही है। कोई नशे में स्कूल पहुंच रहा है तो कोई बिना अवकाश के स्कूल के बाहर है तो कोई स्कूल अवधी में ब्लॉक और जिला मुख्यालय में घूमते नजर आ रहे हैं। ऐसा ही एक मामला करतला ब्लॉक के जर्वे प्राथमिक शाला का सामने आया जहां के प्रधानपाठक नशे में स्कूल में ही सोते पाये गये।

सरकारी स्कूल में शिक्षकों की लापरवाही सामने आई है। करतला ब्लॉक अंतर्गत ग्राम पंचायत जरवे की शासकीय प्राथमिक शाला में हेड मास्टर चंद्रपाल पैकरा शराब के नशे में धुत होकर स्कूल कार्यालय में सोते पाए गए। नशा इतना अधिक था कि कई बार आवाज देने पर भी वह नहीं जागे। जब उनकी नींद टूटी, तो वे न तो जिला कलेक्टर का नाम बता सके और न ही मुख्यमंत्री का। स्कूल में 46 बच्चे पढ़ाई कर रहे हैं, लेकिन ऐसे लापरवाह शिक्षकों के कारण बच्चों का भविष्य खतरे में है। शुक्रवार सुबह एक कक्षा में शिक्षक देव प्रसाद बर्मन पढ़ा रहे थे, जबकि हेड मास्टर कार्यालय में शराब के नशे में सो रहे थे। इस मामले से शिक्षा विभाग की कार्यप्रणाली और शिक्षकों की जिम्मेदारी पर सवाल खड़े हो गए हैं। स्थानीय लोगों ने भी इस घटना की निंदा की है और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। शिक्षकों की इस तरह से लापरवाही सामने आने से विभागीय अधिकारियों के मैदानी दौरे की पोल खुलती है। सतत निरीक्षण नहीं होने के परिणाम स्वरुप इस तरह की स्थितियां सामने आ रही है।



### खास बात

- करतला विकासखंड के जर्वे स्कूल का मामला

### निलंबन का भेजा गया प्रस्ताव

जर्वे प्राथमिक शाला के प्रधानपाठक के नशे में स्कूल पहुंचने की जानकारी मिलने के बाद मेरे द्वारा जिला शिक्षा अधिकारी को प्रधानपाठक के निलंबन का प्रस्ताव भेजा गया है।
**- संदीप पांडेय,** विकासखंड शिक्षा अधिकारी करतला

## बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं के लिए किया गया पुरस्कृत

# चिकनीपाली व छिन्दपुर पीएचसी को मिला राष्ट्रीय गुणवत्ता प्रमाणपत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं की दिशा में लगातार प्रयास कर रहे कोरबा जिले के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र (आयुष्मान आरोग्य मंदिर) चिकनीपाली और उप स्वास्थ्य केन्द्र छिन्दपुर को भारत सरकार की राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक टीम ने गुणवत्ता पूर्ण स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए प्रतिष्ठित राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन प्रमाणपत्र प्रदान किया है।

करतला विकासखंड के अंतर्गत आने वाले प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र चिकनीपाली का 30 और 31 जुलाई को राष्ट्रीय गुणवत्ता टीम द्वारा निरीक्षण किया गया। टीम ने वहां उपलब्ध 6 विभागों की सेवाओं और रखरखाव का बारीकी से मूल्यांकन किया। परिणामस्वरूप, केन्द्र ने 87.93 प्रतिशत अंक अर्जित कर राष्ट्रीय मानकों पर खरा उतरते हुए यह उपलब्धि हासिल की। वहीं, कटघोरा विकासखंड के उप स्वास्थ्य केन्द्र छिन्दपुर का निरीक्षण 15 जुलाई को वर्चुअल माध्यम से किया गया। यहां उपलब्ध 7 अनिवार्य सेवा पैकेजों का मूल्यांकन हुआ और केन्द्र ने 86.86 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रमाणपत्र हासिल किया। राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन प्रमाणपत्र मिलना केवल एक दस्तावेज़ नहीं, बल्कि यह इस बात का भरोसा है कि जिले के नागरिकों को अब राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप स्वास्थ्य सेवाएं मिल रही हैं। ग्रामीण और दूरस्थ क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाओं की गुणवत्ता लंबे समय से चिंता का विषय रही है। ऐसे में यह उपलब्धि स्थानीय स्वास्थ्य तंत्र में विश्वास और मजबूती दोनों को बढ़ाती है। इस उपलब्धि के पीछे जिला प्रशासन का ठोस मार्गदर्शन और स्वास्थ्य विभाग की सतत मेहनत रही। कलेक्टर अजीत वसंत के मार्गदर्शन में यह कार्य हुआ। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एसएन केशरी के नेतृत्व में जिला स्वास्थ्य टीम ने इसे संभव बनाया। दोनों ने संयुक्त रूप से चिकनीपाली और छिन्दपुर स्वास्थ्य केन्द्रों को प्रमाणपत्र मिलने पर संबंधित खंड चिकित्सा अधिकारियों, स्वास्थ्यकर्मियों और जिला स्तरीय टीम को बधाई दी। ग्रामीण क्षेत्रों में अक्सर मरीजों को छोटी-छोटी स्वास्थ्य समस्याओं के लिए भी दूर शहरों की ओर रुख करना पड़ता है। अब राष्ट्रीय गुणवत्ता मानक हासिल करने वाले इन केन्द्रों पर मरीजों को अधिक भरोसेमंद, सुरक्षित और सुलभ स्वास्थ्य सेवाएँ मिलेंगी। इससे न केवल स्थानीय लोगों का समय और पैसा बचेगा, बल्कि उनकी स्वास्थ्य सुरक्षा भी सुनिश्चित होगी। यह उपलब्धि केवल स्वास्थ्य विभाग की सफलता नहीं, बल्कि पूरे कोरबा जिले की सामूहिक उपलब्धि है। यह प्रमाणपत्र आने वाले समय में स्वास्थ्य सेवाओं को और बेहतर बनाने की प्रेरणा देगा और आमजन के जीवन को स्वस्थ व सुरक्षित बनाने में मील का पत्थर साबित होगा।



## खबर संक्षेप

### जिला स्तरीय वाद-विवाद प्रतियोगिता आज


**बिलासपुर।** छग शासन स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा जारी निर्देशानुसार सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा की महत्ता को प्रतिपादित करने विषय पर जिला स्तरीय वाद-विवाद प्रतियोगिता 30 अगस्त को शनिचरी बाजार स्थित पं. देवकी नंदन दीक्षित सभा भवन में होगा। डीईओ विजय कुमार टांडे ने बताया कि वाद विवाद प्रतियोगिता पांच चरणों में होंगी। जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण जिला परियोजना अधिकारी जितेन्द्र पाटले ने बताया कि तृतीय चरण में जिला स्तरीय वाद-विवाद प्रतियोगिता शनिवार 30 अगस्त को सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक होगी। जिला स्तरीय प्रतियोगिता के लिए विकासखण्ड स्तरीय प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पाने वाले वाद-विवाद दल भाग लेंगे। जिला स्तरीय उक्त प्रतियोगिता में श्रेष्ठ प्रदर्शन उपरांत प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले दल को संभाग स्तरीय प्रतियोगिता में शामिल होने भेजा जाएगा। जिला स्तर पर नकद प्रोत्साहन राशि दिया जाएगा। जिसमें प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले दल को 7000 रुपए, द्वितीय स्थान को 5000 रुपए, तृतीय स्थान को 3000 रुपए एवं 5 सांत्वना पुरस्कार प्रत्येक को दो-दो हजार रुपए दिया जाएगा।

### नि:शुल्क चिकित्सा प्रशिक्षण शिविर कल

**बिलासपुर।** भूमिहार ब्राम्हण समाज द्वारा 31 अगस्त रविवार को सुबह 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक भूमिहार ब्राम्हण समाज भवन (सुकुवा तालाब के पास) निःशुल्क चिकित्सा प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जाएगा। इसमें शहर एवं अपोलो हास्पिटल के प्रसिद्ध चिकित्सकों शामिल होंगे। शिविर में डॉ. अभिराम शर्मा, डॉ. अभय शर्मा, डॉ. मनोज राय डॉ. रजनिश पाण्डेय, डॉ. राजकुमार शर्मा, डॉ. के.एन चौधरी, डॉ. रश्मि शर्मा, डॉ. शीला शर्मा, डॉ. सुमन राय, डॉ. दीवाकर कुमार, डॉ. डी.डी. राय आदि उपस्थित रहेंगे। समाज के अध्यक्ष नवीन सिंह ने बताया कि शिविर में ग्राम महमंद एवं आस-पास के ग्रामीणों को जानकारी प्रदान कर पहुंचने की अपील की गई है शिविर में ग्राम पंचायत महमंद के सरपंच पंच एवं जनप्रतिनिधि भी उपस्थित रहेंगे। सचिव राजीव कुमार ने बताया कि साल में 2 बार समाज कमजोर वर्गो के लिए स्वास्थ्य शिविर लगाया जाता है।

### नशे के खिलाफ पुलिस का अभियान

**बिलासपुर।** बिलासपुर रेंज में नशे के कारोबार में लगे अपराधियों की धरपकड़ को लेकर पुलिस ने बड़ा



23 से 28 अगस्त तक विशेष अभियान चलाया, इस दौरान रेंज अंतर्गत जिलों में गांजा के 5 प्रकरण पंजीबद्ध कर 17 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस द्वारा 199 किलोग्राम गांजा एवं 3 वाहन जब्त किया गया है। साथ ही नशीले टेबलेट के प्रकरण में 1 आरोपी गिरफ्तार और 150 नशीले टेबलेट जब्त किया गया है। चरस तस्करी के एक मामले में 16.81 ग्राम चरस के साथ 2 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। अवैध शराब के विरुद्ध कार्यवाही कुल 56 प्रकरण दर्ज किया गया और 61 आरोपी गिरफ्तार किए गए हैं। पुलिस ने अन्य मामले में कार्रवाई करते हुए फरार आरोपियों के विरुद्ध कार्यवाही की है और 35 स्थायी वारंट व 301 गिरफ्तारी वारंट तामील किया गया। पुलिस ने शहर में 15 आदतन बदमाशों पर धारा 129 बीएनएस की कार्यवाई की है। 100 प्रकरणों में प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई है।

**सिर्फ ट्रायल के आधार पर ही चयन**

**अधिकांश सरकारी स्कूलों में खेल सामग्री तो दूर मैदान भी नहीं**

# क्रीड़ा शुल्क के नाम पर 5 सालों में 25 लाख की वसूली, साल में होती हैं सिर्फ 20 स्पर्धाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

- 111 हायरसेकंडरी स्कूल हैं जिले में
- 103 हाईस्कूल हैं जिले में
- 50 और 65 रुपए एक बच्चे का क्रीड़ा शुल्क

लोक शिक्षण संचालनालय के खेल कैलेंडर के हिसाब से ब्लाक से लेकर जिला और राज्य स्तरीय प्रतियोगिताएं कराई जाती हैं।

जिले के स्कूलों का आलम यह है कि यहां प्रतियोगिताएं कराना तो दूर बच्चों को अभ्यास करने के लिए न तो खेल सामग्री है और न ही मैदान। नतीजा बिना तैयारी के ही 70 फीसदी स्कूलों के बच्चे मैदान में उतर रहे हैं, जबकि हर साल हाईस्कूल और हायर सेकेंडरी स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों से क्रीड़ा शुल्क के नाम पर करोड़ों रुपए वसूले जाते हैं। हाल यह है कि पिछले 5 सालों में 25 लाख रुपए क्रीड़ा शुल्क के रूप में बच्चों से लिए गए, लेकिन इसके बावजूद भी स्कूलों में खेल की बुनियादी सुविधाओं का अभाव है। गौरतलब है कि शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार 9 वीं व 10 वीं के छात्रों से 50 रुपए और 11 वीं व 12 वीं के बच्चों से 65 रुपए क्रीड़ा शुल्क लिया जा रहा है। इस तरह जिले में हर साल करीब एक लाख बच्चों से और प्रदेशभर में करीब 25 लाख बच्चों से यह शुल्क लिया जाता है। जिले में करीब हर साल 5 लाख रुपए इसके तहत शासन के खाते में पहुंचता है। पिछले 5 सालों में 25 लाख रुपए की राशि सिर्फ सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों से ली गई है। इसके बाद भी खेल और खिलाड़ी सुविधाओं से वंचित हैं।

### स्कूलों में व्यायाम शिक्षक ही नहीं

ध्यान रहे कि प्राइवेट स्कूलों को 10वीं और 12वीं की मान्यता देते समय स्कूल शिक्षा विभाग खेल मैदान और क्रीड़ा अधिकारी अनिवार्य करता है लेकिन सरकारी स्कूलों में यह नियम लागू नहीं होता। पिछले कई सालों में लगातार शासकीय हाई और हायर सेकंडरी स्कूलों की संख्या बढ़ती जा रही है लेकिन इनके साथ न तो खेल मैदान बढ़ रहे हैं और न ही कोचिंग देने वाले। नतीजा पिछले कई सालों से जिले के स्कूलों से खिलाड़ी ही नहीं निकले। स्कूलों में व्यायाम शिक्षकों की कमी सालों से बनी हुई है।

### नियमित पीटीआई के पद सालों से खाली

यही नहीं पिछले 15 सालों से शिक्षा विभाग में नियमित पीटीआई के पद खाली पड़े हुए हैं। हालांकि 2 साल पहले प्रदेश भर में 745 पदों पर पीटीआई की नियुक्ति की प्रक्रिया जरूर शुरू की गई इसके बाद भी पद खाली ही रहे। इसके साथ ही 2008 में संविदा पदों से कुछ नियुक्ति जरूर की गई थी जिनकी बदौलत फिलहाल काम चल रहा है। महिला खेल प्रशिक्षकों की भी कमी है। नतीजा महिला खेल प्रशिक्षक के अभाव में शासकीय स्कूलों से बाहर खेलने जाने वाली छात्राओं की टीम को या तो रोक दिया जाता है या फिर उन्हें प्राइवेट स्कूलों की छात्राओं के साथ भेजा जाता है। यह समस्या पिछले कई सालों से बनी हुई है।

### खामियाजा भुगत रहे खिलाड़ी

खेल सामग्री और मैदान के अभाव में चल रहीं सरकारी स्कूलों और अधिकारियों की लापरवाही का खामियाजा जिले की प्रतिभाओं को भुगतना पड़ रहा है। पिछले एक दशक से जिले से खिलाड़ी निकलना बंद हो गए हैं। इक्का-दुक्का खिलाड़ी ही राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में स्थान हासिल कर पाते हैं, वह भी खुद की तैयारी के दम पर। दूसरी ओर देखा जाए तो स्कूलों में खेल के नाम पर कबड्डी, खो-खो, फुटबॉल, क्रिकेट और दौड़ आदि कराई जाती है, जबकि खेल कैलेंडर में एथलेटिक्स के कई खेल, बॉस्केटबॉल, वालीबाल और हॉकी समेत 33 प्रकार की प्रतियोगिताएं हैं, लेकिन सामग्री और खेलगुरुओं के अभाव में आधे से ज्यादा प्रतियोगिताएं ही नहीं हो पाती।

### समीक्षा करनी पड़ेगी

संभाग और राज्य स्तर पर तो जिले की टीमें खेलने पहुंच ही जाती हैं। जहां तक बात जिला और ब्लाक स्तर की है तो टीमें क्यों नहीं बन रहीं और खिलाड़ी आगे क्यों नहीं आ रहे हैं, इसकी समीक्षा करनी पड़ेगी। क्रीड़ा शुल्क का कहां और कितना उपयोग किया गया है, इसके बारे में भी जानकारी ले लेते हैं।

**- ए एक्का**, सहायक संचालक, खेल एवं युवा कल्याण विभाग

**एक करोड़ रुपए मुआवजे की मांग को लेकर मृतक के परिजन आंदोलन करते रहे**

# मुआवजे की मांग को लेकर डीआरएम कार्यालय के सामने धरना दिया, फिर जिला अस्पताल में हंगामा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

- **ओएचई की चपेट में आकर युवक की मौत का मामला**

कोचिंग डिपो में काम करते समय ओएचई की चपेट में झुलसे युवक की मौत का मामला शुक्रवार को भी गरमाया रहा। एक करोड़ रुपए का मुआवजा और नौकरी देने के नाम पर मृतक के परिजन सुबह से रात तक आंदोलित रहे, गुरुवार की रात से परिजन के साथ अन्य ग्रामीण डीआरएम कार्यालय के सामने धरने पर बैठ गए, आंदोलनकारियों ने यहां चूल्हा जलाकर सुबह चाय नाश्ता किया, दोपहर को भोजन बनाकर खाया। इसे देखते हुए डीआरएम कार्यालय के सामने आरपीएफ और पुलिस बल तैनात कर दिया गया था। बाद में बड़ी संख्या में लोगों ने जिला अस्पताल में भी हंगामा मचाया।

तारबहार यार्ड कोचिंग डिपों में वंदेभारत एक्सप्रेस के ऊपर मेंटनेंस करने मुलमुला निवासी प्रताप बर्मन और उसका एक साथी चढ़े थे। कोच के ऊपर सवार प्रताप बर्मन अचानक हाईटेंशन ओएचई के चपेट में आकर बुरी तरह से झुलसकर 15 फीट नीचे प्लेटफार्म पर गिर गया। उसे अपोलो हास्पिटल में भर्ती किया गया। युवक के परिजन ने कोचिंग डिपो के एसएससी के खिलाफ सिरगिट्टी थाने में लिखित शिकायत करते हुए कड़ी कार्रवाई करने मांग करने के साथ पहले 50 लाख रुपए मुआवजा देने की मांग रेल प्रशासन से की।

इस दौरान गुरुवार की सुबह अपोलो हास्पिटल में उपचार के दौरान युवक की मौत हो गई। युवक की मौत के बाद परिजन ने हंगामा मचाना शुरु कर दिया। मृतक के परिजन ने एक करोड़ रुपए होने के साथ परिवार में एक सदस्य को नौकरी की मांग की। गुरुवार की रात को ही मृतक प्रताप बर्मन के परिजन के अलावा बड़ी संख्या में ग्रामीण डीआरएम कार्यालय के सामने पहुंच गए थे। डीआरएम कार्यालय के सामने परिजन की सूचना मिलते ही आरपीएफ की टीम को अलर्ट कर दिया गया। वहीं शुक्रवार की सुबह तारबाहर और तोरवा थाने के स्टाफ भी वहां पहुंच गए, जिसके कारण डीआरएम कार्यालय के अंदर और बाहर छावनी बन गई।



डीआरएम कार्यालय के सामने विरोध प्रदर्शन करते परिजन।

### जिला अस्पताल में मचाया हंगामा

मृतक के शव को पोस्टमार्टम के बाद जिला अस्पताल के मरच्यूरी में रख दिया गया था। डीआरएम कार्यालय के बाद परिजन और ग्रामीण भारी संख्या में जिला अस्पताल में पहुंच गए और शव को ले जाकर डीआरएम कार्यालय के सामने बैठकर हंगामा मचाने लगे। इस दौरान भारी संख्या में पुलिस बल वहां पहुंच गए। पुलिस ने परिजन से युवक के शव का अंतिम संस्कार करने की बात कही, लेकिन परिजन एक करोड़ रुपए मुआवजा और नौकरी की बात पर अड़े रहे। इसके कारण पुलिस ने भी परिजन के हाथों में मृतक का शव नहीं दिया, जिसकी वजह से मृतक के लिए बनाई गई काठी को खाली लेकर ही परिजन जिला अस्पताल से निकलकर एक बार फिर डीआरएम कार्यालय के सामने बैठ गए।

### सामने नहीं आ रहा ठेकेदार

25 अगस्त को युवक ओएचई की चपेट में आया था, जिसे रेलवे अस्पताल के बाद सिम्स और अपोलो में रिफर किया गया। अपोलो में उपचार के दौरान युवक की मौत हो गई। इस दौरान अपोलो ने युवक के उपचार करने का बिल साढ़े 5 लाख रुपए का बनाया था, जिसमें से एक लाख रुपए कम कर दिया गया। कुल मिलाकर साढ़े 4 लाख रुपए युवक के उपचार का बिल बनाया। इसमें ठेकेदार की ओर से ढ़ाई लाख रुपए और रेल प्रशासन की ओर से दो लाख रुपए मिलाकर अपोलो को दिया गया। इसके बाद जब से परिजन का हंगामा शुरु हुआ, तब से कंपनी का ठेकेदार सामने नहीं आया।

### मुआवजा करीब 18 लाख

युवक की मौत के बाद हाईकोर्ट में सुनवाई चल रही है। इस दौरान उनके परिजन नौकरी और मुआवजे की मांग कर रहे हैं, लेकिन रेलवे का भी अपना नियम है जिसके विपरीत कार्य नहीं किया जा सकता है। नियमानुसार युवक के परिजन को मुआवजा दिया जाना है, जिसमें करीब 18 लाख रुपए आ रहा है। यह उनके परिजन को दे दिया जाएगा। वहीं हाईकोर्ट से जो भी निर्देश होगा, उसके अनुसार कार्य किया जाएगा।

**-अनुराग कुमार सिंह**, सीनियर डीसीएम, रेल मंडल बिलासपुर



# मरीज जमीन पर लेटा रहा किसी ने नहीं उठाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

- **जिला अस्पताल का मामला**

करोड़ों रूपए खर्च करने के बाद जिला अस्पताल में मरीजों को इलाज नहीं मिल रहा है। शुक्रवार को चुचुहियापारा से आए मरीज अचानक जमीन पर लेट गया। करीब 1 घंटे तक वह जमीन पर लेटा ही रहा, लेकिन किसी ने न तो उसे उठाने का प्रयास किया गया और न ही उसका इलाज किया गया।

शुक्रवार को चुचुहियापारा निवासी शंकर को जहरीले कीड़े ने काट लिया, इसके बाद से उसका सिर चकराने लगा। परिजनों की मदद से उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, लेकिन उसके राहत नहीं मिली। इस दौरान वह बैचेन होकर दोपहर 1 बजे कैजुवल्टी में ही गिर गया। कैजुवल्टी में उस दौरान डाक्टर मौजूद नहीं थे। वह करीब एक घंटे तक कैजुवल्टी में ही जमीन पर लेटा रहा। इस दौरान अस्पताल के स्टाफ ने उसे उठाने और बेड पर लेटाने की जरूरत ही नहीं समझी। लोगों की शिकायत पर स्टाफ ने उसे बेड में लेटाया।

0000 इंजेक्शन खत्म, मरीजों को खरीदने की मजबूरी

बारिश का मौसम है, लोगों को कटने और छिल जाने पर टिटनेस का इंजेक्शन लगाने की सलाह डाक्टरों द्वारा दी जाती है। जिला अस्पताल में रोजाना औसत 30 से अधिक मरीज टिटनेस का इंजेक्शन लगाते हैं, लेकिन दो दिनों से टिटनेस जैसा जरूरी इंजेक्शन का स्टाक अस्पताल में खत्म हो चुका है। ऐसे में मरीजों को बाहर से टिटनेस का इंजेक्शन खरीदना पड़ रहा है। जिला अस्पताल में निशुल्क इलाज की आस में पहुंचने वाले मरीजों के लिए यह धोखा साबित हो रहा है और जान बचाने के लिए मरीज बाहर के मेडिकल दुकानों से रोजाना टिटनेस खरीद रहे हैं।

# बिजली बंद से हलाकान लोगों ने घेरा सबस्टेशन



सिरगिट्टी जोन कार्यालय का घेराव करते नगपुरा के उपभोक्ता।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सिरगिट्टी क्षेत्र के नगपुरा में आए दिन बिजली बंद से परेशान उपभोक्ताओं ने सिरगिट्टी जोन कार्यालय का घेराव कर दिया। खराब ट्रांसफार्मर, मरम्मत में देरी और सप्लाई सुधारने को लेकर ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा था।

दरअसल कुछ साल पहले नगपुरा पंचायत की बिजली सप्लाई सिरगिट्टी सबस्टेशन से हटाकर सिलपहरी से जोड़ी गई है। जिसके बाद से समस्या का अंबार लगा हुआ है। रात भर बिजली बंर होने, ट्रांसफार्मर की खराबी के कारण लोगों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

उपभोक्ताओं का कहना है कि बिजली नहीं होने से खेतों में पानी की सप्लाई नहीं हो रही है, वहीं लोगों को पीने का भी पानी नहीं मिल रहा है। ग्रामीणों की मांग है कि सिलपहरी सबस्टेशन से सप्लाई बदलकर सिरगिट्टी सबस्टेशन से सप्लाई दी जाए। उपभोक्ताओं का कहना है कि बिजली सप्लाई के लिए विभाग ने केबल लगाया है वह अव्यवस्थित है, ऐसे में दुर्घटनाओं का अंदेशा बना हुआ है। इस दौरान अधिकारियों ने 15 दिनों में समस्या का समाधान करने की बात कही है।

### बिजली कर्मचारियों का गुस्सा फूटा, मांगों को लेकर हल्ला बोल

छत्तीसगढ़ बिजली कर्मचारी संघ द्वारा पुरानी पेंशन, नियमितीकरण और ठेका प्रथा खत्म करने समेत 8 सूत्रीय मांगें को लेकर प्रदर्शन कर किया गया। इस दौरान पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री और ऊर्जा मंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा।

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनी में व्याप्त गंभीर समस्याओं को लेकर शुक्रवार को बिजली कर्मचारी संघ महासंघ और अखिल भारतीय विद्युत मजदूर महासंघ के बैनर तले कर्मचारियों ने गेट मीटिंग व प्रदर्शन कर अपना आक्रोश दर्ज किया। पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल खट्टर को संबोधित ज्ञापन कलेक्टर व मुख्य अभियंता को सौंपा है। कर्मचारियों ने चेतावनी दी है कि माँगों पर शीघ्र निर्णय नहीं लिया गया तो 9 अक्टूबर को कंपनी मुख्यालय रायपुर के समक्ष धरना-प्रदर्शन किया जाएगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी शासन और कंपनी प्रबंधन की होगी।

### राशन दुकान के लिए आवेदन 19 सितंबर तक

**बिलासपुर।** जिले के मस्तूरी विकासखण्ड अंतर्गत शासकीय उचित मूल्य की दुकान विद्याडीह, केवटाडीह (भूतहा), बेलटुकरी, रलिया एवं गुड़ी के आबंटन के लिए मस्तूरी विकासखण्ड के पात्र समूह, एजेंसी अथवा संस्थाओं से 19 सितम्बर तक सील बंद लिफाफे में आवेदन पत्र आमंत्रित है। ग्राम पंचायत एवं स्थानीय नगरीय निकाय, महिला स्व सहायता समूह, प्राथमिक कृषि साख समितियां, अन्य सहकारी समितियां, राज्य शासन द्वारा विनिर्दिष्ट उपक्रम, वृहदाकार आदिम जाति बहुदेशीय सहकारी समिति एवं वन सुरक्षा समितियों के आवेदन ही स्वीकार किए जाएंगे। बंद लिफाफे के ऊपर शासकीय उचित मूल्य की दुकान विद्याडीह, केवटाडीह, बेलटुकरी, रलिया, गुड़ी के संचालन करने आवेदन पत्र लिखा होना चाहिए। आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 19 सितम्बर है।

# सवारी उतारने को लेकर विवाद आटो चालक ने लिखाई रिपोर्ट

**बिलासपुर।** महाराणा प्रताप चौक पर सवारी उतारने के दौरान बाइक सवार दुर्घटनाग्रस्त होकर गिर गया, इस दौरान बाइक सवार युवक ने उठते ही आटोचालक को अश्लील गाली गलौज देना शुरू कर दिया। युवक यही नहीं रूका उसने आटो चालक की पिटाई कर दी। मामले में चालक ने युवक के खिलाफ अपराध दर्ज कराया है।

देवतरा तखतपुर निवासी मदनलाल यादव पेशे से आटो चालक है। शुक्रवार की सुबह 10.30 बजे सवारी भरकर महाराणा प्रताप चौक पर पहुंचा था, इस दौरान सिग्नल पर रूका और सवारी को उतार रहा था। आटो का दरवाजा खुला था, उसी दौरान बाइक क्रमाक सीजी 10 बीआर2570 का चालक दरवाजे से टकराकर गिर गया। बाइक सवार ने उठते ही आटो चालक से गाली गलौज करते हुए मारपीट की। इस दौरान बाइक सवार ने ऑटो के कांच को पत्थर से तोड़ दिया। मारपीट के बाद घायल आटो चालक ने सिविल लाइन थाने में घटना की रिपोर्ट दर्ज कराई है।

### युवक की बाइक पार

बिलासपुर। शादी में शामिल होने गौरहा पैलेस गए युवक की बाइक चोरी हो गई। युवक ने मामले की शिकायत सरकंडा थाने में की है, पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर जांच कर रही है। मामले के अनुसार अलखधाम नगर मंगला निवासी तरूण कुमार साहू 18 अप्रैल को शादी में शामिल होने गौरहा पैलेस गया था। उसने शादी घर से सामने रात 9.30 बजे अपनी बाइक पार्क की थी, रात 11 बजे वापस आने पर बाइक क्रमांक सीजी 10 एपी 2714 नहीं मिली। इस दौरान युवक बाइक की तलाश करता रहा, जिसके बाद सरकंडा थाने में शुक्रवार को रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। पुलिस विवेचना कर रही है।

# गैस गोदाम के खिलाफ ग्रामीणों में आक्रोश, कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ मदनपुर

मदनपुर ग्राम में प्रस्तावित गैस गोदाम के निर्माण को लेकर स्थानीय ग्रामवासियों और अभिभावकों में आक्रोश व्याप्त है। शुक्रवार को जिला पंचायत सदस्य व युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष नरेंद्र यादव के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर गैस गोदाम को अन्यत्र स्थानांतरित करने की मांग की।

ग्राम वासियों का कहना है कि गोदाम का प्रस्तावित स्थल के समीप स्कूल और कॉलेज के बेहद करीब है जिससे भविष्य में बड़ी दुर्घटना का खतरा बना हुआ है। ज्ञापन में बताया गया कि गैस गोदाम जो मात्र 5 मीटर की दूरी पर कॉलेज परिसर और 50 मीटर की दूरी पर कॉलेज भवन से सटा हुआ है। इसके अलावा 100 मीटर के दायरे में पार्वती स्कूल और कॉलेज भी संचालित है, जहां सैकड़ों बच्चे पढ़ाई करते हैं। स्थानीय लोगों और अभिभावकों को डर है कि गैस गोदाम के कारण किसी अनहोनी की स्थिति में बच्चों की सुरक्षा को गंभीर खतरा हो सकता है।

# 75 गाड़ियों की मांग, मिली 12 बोलेरो

**बिलासपुर।** पुलिस विभाग के पीएचक्यू में प्रस्ताव भेजकर 75 गाड़ियों की मांग की गई, किन्तु ऊंट के मुंह के बराबर मात्र 12 नई बोलेरो मिली है। नए वाहनों को पुलिस लाइन में रखा गया है। एक दो दिन में उपलब्धता के आधार पर अधिकारी व थानों में गाड़ियों का वितरण कर दिया जाएगा।

पिछले साल बिलासपुर रेंज के सभी जिलों में कंडम हो चुके वाहनों विधिवत की नीमाली गई थी। उसके बाद बिलासपुर से 75 नए गाड़ियों की मांग करते हुए पीएचक्यू में प्रस्ताव भेजा गया था। पिछले दिनों पीएचक्यू से मात्र 12 नई बोलेरो गाड़ी जिला पुलिस को उपलब्ध कराया गया है। नई बोलेरो गाड़ियों को पुलिस लाइन में रखा गया है। बताया जाता है एक दो दिन में सभी गाड़ियों को उपलब्धता के आधार पर अधिकारियों व थानों में वितरण कर दिया जाएगा। जिले में वाहनों की कमी होने के कारण लंबे समय एक ट्रेवर्ल्स कंपनी वाहन टैक्सी में लेकर चलाया जा रहा है। आलम यह है कि थानो में पेट्रोलिंग भी ट्रैक्सी वाहनों व प्राइवेट ड्राइवरों के भरोसे हो रहा है। मजेदारबात यह है कि अधिकांश पुलिस अधिकारी व कर्मचारी रिश्तेदारों के नाम पर गाड़ियां खरीदकर ट्रेवर्ल्स एजेंसी के माध्यम से किराए में चला रहे हैं। पिछले दिनों सरकण्डा थाने में सिविल लाइन थाने में चलने वाली पेट्रोलिंग गाड़ी में ड्राइवर स्टंट करते हुए गिरफ्तार हुआ था। जांच में खुलासा हुआ कि एमटी शाखा में पदस्थ एक हवलदार के पत्नी के नाम पर उक्त स्कार्पियो था। उसका बेटा पुलिस विभाग में गाड़ी चलावा रहा था।



# नीलामी में ली दुकान लेकिन ना प्रीमियम पटाया ना ही किया किराए का भुगतान

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर

नीलामी के बाद कानों की प्रीमियम राशि और किराया भुगतान नहीं किए जाने को लेकर अब नगरीय प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई की है। इन दुकानों के संचालकों पर 38 लाख 10 हजार रुपए बकाया था। ऐसे में शुक्रवार को मुख्य नगर पंचायत अधिकारी के नेतृत्व में नगरीय प्रशासन की टीम ने कुल 21 दुकानों को सील कर दिया है। दुकानों को सील करने की कार्रवाई से नगर में हड़कंप मच गया है।

बता दें कि नगरीय प्रशासन द्वारा वर्ष 2016 में बस स्टैंड में 15 दुकानों, वर्ष 2021 में महुआ पारा में 15 एवं वर्ष 2025 में डेली सब्जी मार्केट में 12 दुकानों को खुली बोली के माध्यम से नीलामी की गई थी। दुकान नीलामी के दौरान खुली बोली में बस स्टैंड स्थित दुकानों के लिए राजपुर के दुकानदारों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया था। नीलामी के दौरान बस स्टैंड की कई दुकानें 12 से 15 लाख रुपए की बोली लगाई गई थी जिसके बाद आबंटित दुकानदारों को दुकानों की प्रीमियम की राशि किश्तों के रूप में जमा अनुबंध की प्रक्रिया पूरा करना था। नीलामी के दौरान लोगों ने बड़ी बड़ी बोली तो लगा ली लेकिन बाद में दुकानदारों ने ना ही समय पर प्रीमियम की राशि जमा की और ना ही किराया का भुगतान किया गया। ऐसे में दुकान संचालकों पर बकाया बढ़कर 38 लाख 10 हजार रुपए तक पहुंच गया था। इस मामले में मुख्य नगर पंचायत अधिकारी रविन्द्र लाल ने बताया कि बस स्टैंड डेली सब्जी मार्केट सहित महुआपारा में नगर पंचायत द्वारा निर्मित 42 दुकानों का नीलामी की गई थी।

## अंचल में पूजे जा रहे गणपति बप्पा


सीएसईबी कालोनी निवासी गुलशन बैरागी के घर में विराजित गणपति बप्पा।


चित्रा टॉकिज गली कोरबा में विराजित बप्पा।


गांजा गली में विराजित गणेश।


सीतामणी रोड में विराजे विघ्नहर्ता।


पॉवर हाउस रोड में विराजे गणपति।


सार्वजनिक गणेशोत्सव समिति पुराना हटवारा बस्ती में विराजे गणपति।


ब्राम्हण मोहल्ला, उमरेली में विराजित विघ्नहर्ता।

### दर्री मुख्य मार्ग पर स्थित मेजर ध्यानचंद चौक पर मनाया गया राष्ट्रीय खेल दिवस

# खिलाड़ियों के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं मेजर ध्यानचंद: संजूदेवी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

हॉकी की जादूगर मेजर ध्यानचंद खिलाड़ियों के सदैव प्रेरणास्त्रोत रहेंगे। उन्होंने अपनी खेल प्रतिभा के दम पर खेल जगत में भारत को जो प्रतिष्ठा दिलाई थी, उसे कभी भुलाया नहीं जा सकता। मेजर ध्यानचंद के जन्मदिवस को हम राष्ट्रीय खेल दिवस के रूप में मनाते हैं। इस मौके पर मैं हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद को नमन करती हूं, उनकी खेल प्रतिभा का अभिनंदन करती हूं।

उक्त बातें महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत ने दर्री मुख्य मार्ग में स्थित मेजर ध्यानचंद चौक पर राष्ट्रीय खेल दिवस कार्यक्रम के दौरान कही। महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत, आयुक्त आशुतोष पाण्डेय, सभापति नूतन सिंह ठाकुर व वरिष्ठ पार्षद नरेन्द्र देवांगन ने मेजर ध्यानचंद की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। आयोजन की मुख्य अतिथि महापौर श्रीमती राजपूत ने मेजर ध्यानचंद की प्रतिमा को नमन करते हुए आगे कहा कि खेल दिवस के इस अवसर पर हमें यह संकल्प लेना चाहिए कि हम खेलों के विकास व खिलाड़ियों को खेल सुविधा मुहैया कराने के लिए सदैव तत्पर रहेंगे। निगम आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने कहा कि हॉकी के जादूगर कहे जाने वाले मेजर ध्यानचंद वास्तव में हॉकी के महान खिलाड़ी थे, उन्होंने देश को ओलंपिक में अनेक बार स्वर्ण पदक दिलाया, उन्होने दुनियाभर में अपनी हॉकी की खेल प्रतिभा के द्वारा भारत को पहचान दिलाई। मेजर ध्यानचंद जब खेलने के लिए मैदान में उतरते थे तो गेंद उनकी हॉकी स्टिक से ऐसे जुडती थी मानो उनकी स्टिक में चुंबक लगा हो और यह चुंबक होता था उनकी खेल की श्रेष्ठता का, यह चुंबक होता था उनकी खेल की प्रतिभा का। निगम सभापति नूतन सिंह ठाकुर ने कहा कि मेजर ध्यानचंद के दौर में भारत को हराना नामुमकिन था, देश को ओलंपिक में लगातार स्वर्ण पदक दिलाने में उनका बड़ा योगदान रहा है। मेजर ध्यानचंद के प्रति हमारी सच्ची श्रद्धांजलि होगी कि हम खेलों के प्रति जागरूकता लाएं, खिलाड़ियों को आवश्यक खेल सुविधाएं उपलब्ध कराएं।


कार्यक्रम में शामिल खिलाड़ी एवं अतिथि।

### खेलों के प्रति जागरूकता आवश्यक

पार्षद नरेन्द्र देवांगन ने कहा कि हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद ने भारत को हॉकी खेल में विश्व का सिरमौर बनाया था। खेलों के प्रति जागरूकता लाना आवश्यक है, अच्छे स्वास्थ्य के लिए खेल व व्यायाम जरूरी है, खेल व्यक्ति के शारीरिक व मानसिक विकास के लिए अतिआवश्यक है। जिला ओलंपिक संघ के अध्यक्ष नौशाद खान ने कहा कि मेजर ध्यानचंद के जन्मदिवस को राष्ट्रीय खेल दिवस के रूप में हम मनाते हैं। उन्होने कहा कि कोरबा में खेल प्रतिभाओं की कमी नहीं है, बस उन्हें अवसर मिलना चाहिए कि वे सही मंच पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सकें। कोरबा के खिलाड़ियों के यदि समुचित सुविधाएं व अवसर मिले तो वे प्रदेश व राष्ट्रीय स्तर पर अपनी श्रेष्ठता सिद्ध कर सकते हैं।

### कटघोरा में मनाया गया खेल दिवस



शासकीय मुकुटधर पाण्डेय महाविद्यालय कटघोरा में 29 अगस्त को राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर मेजर ध्यानचंद सिंह की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य प्रो. मदन मोहन जोशी के संरक्षण में हुआ और क्रीड़ा अधिकारी श्रीमती राजकुमारी मरकाम के नेतृत्व में किया गया। शुरुआत में विद्यार्थियों को खेल दिवस मनाने के उद्देश्य, मेजर ध्यानचंद की अनुशासन एवं समर्पण की भावना तथा खेलों के प्रति उनके अमूल्य योगदान से अवगत कराया गया। इस दौरान छात्रों के लिए खेल से संबंधित क्विज प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें विद्यार्थियों ने भाग लिया। क्विज में प्रिया जायसवाल ने प्रथम स्थान, मोनिषा ने दूसरा स्थान और अभिषेक ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम के अंत में विजेताओं को सम्मानित किया गया तथा उपस्थित छात्रों को खेलों में सहभागी बनने के लिए प्रेरित किया गया। इस कार्यक्रम में समस्त महाविद्यालयीन स्टाफ डॉ. पूनम ओझा, डॉ. प्रिंस कुमार मिश्रा, नूतनपाल कुर्रे, यशवंत जायसवाल, प्रेमनारायण वर्मा, भुनेश्वर कुमार, शैलेन्द्र सिंह ओट्टी, सुश्री प्रतिमा कंवर, धर्मेंद्र कुमार, राकेश आजाद, गंगाराम पटेल, संजय कुमार, डॉ. कल्पना शांडिल्य, कीर्ति कुमार मरकाम, क्रांति कुमार दीवान, मनहरण श्याम, बालाराम साहू, विकास जायसवाल, कंचन देवी, देवेंद्र, महिपाल उपस्थित रहे।

### याद किए गए हॉकी के जादूगर




हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की जयंती, राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर जिला हॉकी संघ के तत्वावधान में हॉकी संघ बालको द्वारा रैली निकालकर मेजर ध्यानचंद को याद किया गया। मुख्य रूप से तारीख कुरैशी, सचिव जिला हॉकी संघ कोच गोपाल दास महंत, धनराज निर्मलकर, प्रताप महंत, नैतिक दास महंत, प्रभात सिंह, महेंद्र चंद्रा, आकाश जांगड़े, हॉकी बालिका टीम एवं समस्त खिलाड़ी उपस्थित रहे।

# जो संतान माता-पिता का आदेश मानता है, वही कृष्ण भक्त : पं.मेहता

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पितृमोक्षार्थ गया श्राद्धांतर्गत मातनहेलिया परिवार द्वारा जश्न रिसोर्ट में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के छठवें दिन कथा वाचक पंडित विजय शंकर मेहता ने राजसूय यज्ञ एवं सुदामा चरित्र सहित महाभारत की कथा सुनाई और कहा कि भगवान श्रीकृष्ण का लक्ष्य था, धर्म की स्थापना। भगवान कृष्ण स्पष्ट वक्ता थे, उन्होंने कुरूक्षेत्र में कौरव और पाण्डवों को आमने-सामने किया, लेकिन युद्ध तय था और महाभारत हुआ। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण की हर लीला में एक संदेश छुपा होता है।

इसके पूर्व पंडित श्री मेहता ने सुदामा चरित्र का बड़े ही मार्मिक ढंग से चित्रण किया और कहा कि यदि आपकी सफलता में किसी का थोड़ा सा भी योगदान हो, उसे कभी मत भूलना। सुदामा कुछ आस लेकर अपनी धर्मपत्नी सुशीला के कहने पर भारी मन से कृष्ण के पास गए, ताकि उनके परिवार की दरिद्रता समाप्त हो जाए। सुदामा जीर्ण-शीर्ण वस्त्र पहनकर नंगे पांव कृष्ण के महल गए। सुदामा के आने की खबर सुनकर महल के दरवाजे की ओर नंगे पांव कृष्ण दौड़ पड़े और सुदामा की दरिद्रता देखकर उनकी आंखों से अश्रू बह पड़े। भगवत गीता में वर्णित है कि भगवान ने अपने आंसू से ही सुदामा का पांव धोया था। दूसरे दिन कृष्ण ने सुदामा से कहा- भाभी ने मेरे लिए कुछ भेजा है कि नहीं, भारी मन से सुदामा ने सुशीला के भीख में मिले चीवड़ा की पोटली दी। सुदामा के हाथ से कृष्ण ने पोटली छीन ली, जिससे चीवड़ा बिखर गया। घूटनों के बल पर बिखरे चीवड़े को कृष्ण ने उठाया और खाया। कहा जाता है जब मुट्ठी में रखकर कृष्ण ने चीवड़ा खाया, तो उस दिन पूरा ब्रह्माण्ड तृप्त हो गया था। महल में कुछ दिन समय बीताने के बाद कृष्ण ने सुदामा को विदा किया। जिस भारी मन से सुदामा कृष्ण के पास आए थे, उससे भी बोझिल मन से अपने गांव पोरबंदर गए। खाली हाथ जाते हुए उनके पांव आगे बढ़ते ही नहीं थे, दरिद्रता मिटाने कृष्ण के पास गए थे, खाली हाथ लौटना पड़ा।



कथा सुनाते पं .विजयशंकर मेहता एवं कथा का श्रवण करते श्रद्धालु।

### कथा आप सुनो, भोजन पितरों को मिलेगा

श्रीमद्भागवत कथा पितरों के लिए भोजन है। कथा आप सुन रहे हैं, लेकिन भगवत रूपी कथा का भोजन कर आपके पितर तृप्त हो रहे हैं। श्रीमद्भागवत कथा सुनने से पितरों को मोक्ष की प्राप्ति होती है, ऐसा श्रीमद्भागवत में वर्णित है। कथा वाचक पंडित विजय शंकर मेहता ने कहा कि कृष्ण की लीला को समझने के लिए आध्यात्मिक दृष्टि चाहिए, संसारिक दृष्टि से तो कई सवाल खड़े होते हैं। उन्होंने सुभद्रा अपहरण की कथा भी सुनाई और कहा कि विवाह एक ऐसा बंधन है, जिसे लड़के और ससुराल के भविष्य को देखते हुए तय करना चाहिए, ताकि लड़की का जीवन भी सुखमय हो।

## डीएसपीएम के मुख्य अभियंता संजीव बने यूथ हॉस्टल कोरबा यूनिट के संरक्षक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोरबा। डीएसपीएम के मुख्य अभियंता संजीव कंसल ने यूथ हॉस्टल कोरबा यूनिट का संरक्षक पद स्वीकार किया है। यह जानकारी यूथ हॉस्टल कोरबा यूनिट के चेयरमैन संदीप सेठ ने दी। इस अवसर पर यूनिट के प्रमुख सदस्य सतीश शुक्ला, पीएल मिरेन्द्र, श्रीमती शिव कुमारी एवं श्रीमती कल्पना ने डीएसपीएम संयंत्र का दौरा किया। इस टीम में सक्रिय सदस्य तोमर एवं अतुल शुक्ला भी सम्मिलित रहे। टीम ने संजीव कंसल से उनके कार्यालय में भेंट की, जहां यूनिट चेयरमैन संदीप सेठ ने यूथ हॉस्टल द्वारा संचालित साहसिक एवं विकासात्मक गतिविधियों की जानकारी प्रस्तुत की। कंसल ने प्रस्ताव को सहर्ष स्वीकार किया। इस अवसर पर सतीश शुक्ला ने पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया और उन्हें वाईएचएआई का आधिकारिक बैज पहनाकर सम्मानित किया गया। यूथ हॉस्टल कोरबा यूनिट की स्थापना वर्ष 1999 में स्व.संजीव सोनी के नेतृत्व में हुई थी। साथ ही 26 अगस्त को फाउंडेशन डे के रूप में मनाया जाता है, जो कि जर्मन शिक्षक स्व.रिचर्ड शिर्मान की स्मृति को समर्पित है, जिन्होंने विश्व में यूथ हॉस्टल आंदोलन की नींव रखी थी।



# जब भगवान कृष्ण ने तोड़ा इंद्र का घमंड

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

बिलोटिया परिवार कोरबा के द्वारा दीनदयाल मार्केट स्थित पीली कोठी में श्रीमदभागवत पुराण कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया गया है। जिसमें पांचवे दिन आचार्य मृदुलकान्त शास्त्री महराज ने श्रोताओं को गोवर्धन पूजा के प्रसंग सुनाया। उन्होंने भगवान श्रीकृष्ण के द्वारा इंद्र के घमंड को तोड़ने के साथ गोवर्धन पर्वत पूजा के महत्व पर प्रकाश डाला।

आचार्य मृदुलकान्त शास्त्री ने प्रवचन के दौरान गोवर्धन पूजा से नाराज इंद्र के द्वारा बरपाए गए कहर से गोकुलवासियों की रक्षा किस तरह से की इस पर प्रकाश डालते हुए बताया कि एक बार जब कन्हैया घर में देखते हैं कि मैया यशोदा नए नए पकवान बना रही थी तब कन्हैया नंद बाबा से पूछते हैं कि बाबा आज क्या बात है मैया सुबह से ही रसोई घर में नए नए व्यंजन बना रही है तब नंद बाबा कहते हैं कि तुम्हारी मैया भगवान इंद्र को खुश करने के लिए 56 प्रकार के भोग तैयार कर रही है जिससे इंद्र देवता प्रसन्न होंगे और वर्षा करेंगे तब कन्हैया नंदबाबा से कहते हैं कि बाबा ये तो इंद्र के हठ वाली बात है पूजा करेंगे तो वर्षा होगी नही तो नही होगी इससे अच्छे तो गिरिराज जी है जो कम से कम हमारे गायो को हरी हरी घांस खाने को देते हैं अब कोई भी गोकुलवासी उस घमंडी इंद्र की पूजा नही करेगा यह बात सभी को जँच जाती है और सभी उस मिष्ठान को लेकर गिरिराज की पूजा करने के लिए चले जाते हैं यह देख इंद्र काफी क्रोधित हो जाते हैं और इसे अपना अपमान समझ कर चारो ओर भारी मूसलाधार बारिश शुरू कर देते हैं यह देख कन्हैया सभी से कहते हैं कि चिंता करने की कोई बात नही है आप सभी इस गिरिराज पर्वत के पास आ जाये फिर कन्हैया अपनी चीटी उंगली से उस विशालकाय गिरिराज पर्वत को उठा लेते हैं व सभी से कहते हैं कि सभी गोकुलवासी अपने अपने सामानों व गायो व परिवार को लेकर इस गिरिराज पर्वत के नीचे आकर अपनी जान की रक्षा करे यह दृश्य देख इंद्रदेव का घमंड चूर चूर हो जाता है और फिर अपने स्वामी से अपनी गलती की छमा मांगते हैं इसी कारण सभी गिरिराज पर्वत पर 56 भोग का अर्पण करते हैं इस अवसर पर परिवार के दूर दराज से आये सभी रिश्तेदारों के सांथ नगर के सभी श्रोतागणों ने कथा का रसपान किया। इस अवसर पर परिवार के द्वारा सुंदर झांकी भी बनाई गई थी।



## कनौजिया राठौर समाज ने भाजपा जिला अध्यक्ष गोपाल से की मुलाकात

**कोरबा**। आज कनौजिया राठौर समाज के द्वारा भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष गोपाल मोदी से भेंट मुलाकात किया गया। यह मुलाकात का कार्यक्रम ट्रांसपोर्ट नगर स्थित भाजपा कार्यालय में आयोजित किया गया। जहां कनौजिया राठौर समाज के पदाधिकारी एवं सदस्यों ने मुलाकात के दौरान जिला भाजपा अध्यक्ष गोपाल मोदी का पुष्पगुछ के साथ स्वागत किया। स्वागत पश्चात राठौर समाज के पदाधिकारीयों द्वारा समाज की आवश्यकताओं के बारे में श्री मोदी को अवगत कराया। वहीं कार्यक्रम में उपस्थित श्री मोदी ने कनौजिया राठौर समाज की आवश्यकताओं को जाना और उसे पूर्ण करने के लिए हर संभव मदद का आश्वासन दिया है। इस दौरान कनौजिया राठौर समाज के अध्यक्ष सीताराम राठौर, सचिव हरीश राठौर, कोषाध्यक्ष छवि राठौर, विजय राठौर गोविंद राठौर सहित बड़ी संख्या में राठौर समाज के लोग उपस्थित रहे।

**न्यायालय तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी, बरपाली, तहसील बरपाली, जिला-कोरबा (छ0ग0)**

**//ईश्तहार//**

**वि.प्र.क./**
**/ बी 121/2024-2025**
**ग्राम- कोथारी प.ह.नं. तहसील-बरपाली,**
**जिला-कोरवा (छ0ग0)**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदाक सुमित्रा बाई पिता पति बैजनाथ जाति बैरागी निवासी ग्राम रामपुर तहसील बरपाली जिला-कोरबा (छ०ग०) के द्वारा अपने पुत्र / पिता/माता जेठ मुगुल का मृत्यु दिनांक 22/06/1990 को निवास ग्राम कोथारी में होने के कारण जन्म / मृत्यु प्रमाण पत्र हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में पेश किया गया है आवेदन पत्र के साथ पृथक से शपथ पत्र, अनुपलब्धता प्रमाण पत्र एवं पंचनामा पेश किया गया है। अतएव उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति / संस्था / समिति कोई दावा/आपत्ति हो तो वे स्वयं या अपने वैध अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायलय दिनांक 08/09/2025 तक न्यायालयीन समय में दावा/आपत्ति पेश कर सकते है नियत अवधि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 25/08/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया।

**तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी**
**बरपाली, जिला-कोरबा (छ0ग0)**



## जगह जगह विराजे विघ्नहर्ता


श्री गणेश उत्सव समिति इंडस्ट्रियल एरिया कोरबा।


बाल गणेश समिति आदर्श नगर कुसमुंडा।


नवयुवक गणेश समिति सिंचाई कॉलोनी बरपाली।


श्रीश्री गणेश उत्सव समिति सरस्वती चौक प्रेमनगर रजगामार।


निगम कॉलोनी निहारिका।


लालूराम कॉलोनी कोरबा।


आरपी नगर फेस-2 कोरबा

### विश्वविद्यालय प्रबंधन ने बढ़ाई प्रवेश की तिथि, 5 सितंबर तक ले सकेंगे प्रवेश

# बोर्ड की अवसर परीक्षा में पास हुए छात्रों को कॉलेज में प्रवेश का मिलेगा मौका

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

माध्यमिक शिक्षा मंडल के द्वितीय अवसर की बोर्ड परीक्षा में पास हुए छात्र छात्राओं को महाविद्यालय में प्रवेश की सुविधा मिल सकेगी। विश्वविद्यालय प्रबंधन ने प्रवेश की तिथि बढ़ाकर 5 सितंबर कर दी है। पूर्व में यह तिथि 14 अगस्त थी जिसकी वजह से बोर्ड के अवसर परीक्षा में पास हुए परीक्षार्थियों को अंतिम तिथि समाप्त होने पर प्रवेश नहीं मिल पा रहा था।

माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा पिछले वर्ष से द्वितीय अवसर की परीक्षा नियम लागू करने के बाद मुख्य परीक्षा में अनुत्तीर्ण छात्र छात्राओं को दोबारा मौका दिया जाता था तकि वह परीक्षा उत्तीर्ण कर सकें। माशिमं के इस नियम से छात्र छात्राओं को बड़ी राहत मिली थी। किंतु यह राहत 12वीं कक्षा उत्तीर्ण करने वाले छात्र छात्राओं के लिए फायदेमंद साबित नहीं हो रही थी क्योंकि जब तब माशिमं के द्वारा द्वितीय अवसर की परीक्षा का परिणाम घोषित किया जाता था तब तक महाविद्यालय में प्रवेश की तिथि समाप्त हो जाती थी। और छात्र महाविद्यालय में नियमित छात्र के रुप में प्रवेश नहीं ले पाते थे। मजबूरी में उन्हें प्रायवेट परीक्षार्थी के रुप में महाविद्यालयों में बैठना पड़ता था। इस वर्ष विश्वविद्यालय प्रबंधन ने प्रवेश की तिथि बढ़ा दी है। इससे द्वितीय अवसर की बोर्ड परीक्षा को उत्तीर्ण करने वाले छात्र छात्राओं को महाविद्यालय में प्रवेश का मौका मिल गया है। विश्वविद्यालय प्रबंधन ने 5 सितंबर तक प्रवेश की तिथि बढ़ाए जाने से बीएससी और बीकॉम व बीए स्नातक के प्रथम वर्ष में छात्र छात्राएं प्रवेश ले सकेंगे।



**पीजी कॉलेज रहती है पहली पसंद**

12वीं कक्षा उत्तीर्ण करने वाले छात्र छात्राओं के पीजी कॉलेज प्रवेश के लिए पहली पंसद रहता है। जहां स्नातक की सीटें कम होने के कारण बिना प्रवेश के छात्रों को लौटना पड़ता है। पीजी कॉलेज में बीएससी प्रथम वर्ष में प्रवेश के लिए मारामारी रहती है। इसी तरह मिनीमाता महाविद्यालय में प्रवेश के लिए छात्राओं की भीड़ रहती है। शासकीय कॉलेज होने की वजह से शिक्षण शुल्क कम होने के कारण आम मध्यम वर्गीय परिवार के छात्र छात्राएं इन दोनों कॉलेज को पहले पसंद करते हैं। शासकीय कालेजों में बांकीमोंगरा और कटघोरा कॉलेज में प्रवेश लेने वाले छात्र छात्राओं की संख्या पिछले कुछ वर्षों में बढ़ी है।

# 24 घंटे के भीतर 64 वारंटियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में वारंटियों की धरपकड़ के लिए विशेष अभियान चलाया गया जहां 24 घंटे के भीतर पुलिस ने कुल 64 वारंटियों को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया है।

पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देशन में सजग कोरबा के तहत चलाए जा रहे आपरेशन शांति के अंतर्गत 24 घण्टे में 64 वारंटियों को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। इनमें से 14 आरोपी लंबे समय से फरार चल रहे थे। त्यौहारी सीजन के अंदर शांति व्यवस्था बनी रहे और जो अपराधिक तत्व के लोगों पर नकेल कसी जा सके इसके मद्देनजर आपरेशन शांति चलाया गया है। इससे पूर्व अगस्त माह मे पहले भी एक दिवसीय अभियान चलाया गया था जिसमें कोरबा पुलिस द्वारा 103 गिरफ्तारी एवं स्थाई वारंटियों को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया था। इस प्रकार कुल 167 वारंटियों को अब तक गिरफ्तार किया जा चुका है। आज की कार्रवाई में गिरफ्तार किए गए अभियुक्तों में 50 के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट और 14के खिलाफ स्थायी वारंट लंबित थे। इस अभियान में विभिन्न पुलिस थानों ने उल्लेखनीय कार्य किया। कटघोरा और पाली थाना क्षेत्र की टीमों ने सर्वाधिक 6-6 गिरफ्तारी वारंट के खिलाफ कार्रवाई कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। इसी प्रकार कोतवाली, सिविल लाइन और बाकीमोंगरा थाना की टीमों ने भी प्रत्येक 5-5 गिरफ्तारी वारंट के खिलाफ सफल कार्रवाई की। स्थायी वारंटियों के खिलाफ की गई कार्रवाई में बालको, दीपका और कटघोरा थाना की टीमों ने प्रत्येक 2-2 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर सफलता हासिल की। पुलिस ने एक बार फिर जनता से अपील की है कि वे किसी भी संदिग्ध गतिविधि या फरार अपराधियों की जानकारी तुरंत निकटतम पुलिस थाने में साझा करेंए ताकि अपराधियों के खिलाफ इस मुहिम को और सफल बनाया जा सके।

# पुरानी पेंशन और संविदा नियमितीकरण की मांग अब तक नहीं हुई पूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

भारतीय मजदूर संघ से संबद्ध छत्तीसगढ़ बिजली कर्मचारी संघ महासंघ ने पुनः आंदोलन का आगाज कर दिया है। वादा खिलाफी और बिजली कर्मियों के पुरानी पेंशन योजना, संविदाकर्मियों के नियमितिकरण सहित विभिन्न मांगों व समस्याओं का निराकरण नहीं किए जाने के विरोध में पॉवर कंपनी प्रबंधन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है।

संघ के द्वारा प्रबंधन को प्रेषित आंदोलन की सूचना पत्र में कहा गया है कि संघ के द्वारा पुरानी पेंशन योजना बहाली, संविदा कर्मियों के नियमितीकरण, तकनीकी भत्ता संघ सहित विभिन्न ज्वलंत समस्याओं व मांगों को लेकर पत्र दिया गया। जिन पर प्रबंधन के साथ कई बार द्विपक्षीय बैठकें हुई, लेकिन आश्वासन के अनुरूप अभी तक कोई सकारात्मक निर्णय नही लिया गया। कर्मचारियों में व्याप्त असंतोष और कंपनी प्रबंधन के वादाखिलाफी के विरोध में महासंघ के द्वारा फिर एक बार सडक़ पर उतरकर जोरदार आंदोलन का आगाज कर दिया गया है। जिसके तहत आंदोलन के पहले चरण में आगामी 29 अगस्त को पूरे प्रदेश के सभी जिला व क्षेत्रीय मुख्यालयों मेंआमसभा व धरना प्रदर्शन किया जाएगा। फिर रैली के माध्यम से ज्ञापन सौंपा जाएगा। महासंघ के महामंत्री नवरतन बरेठ ने कहा कि आगामी 29 अगस्त के प्रथम चरण के आंदोलन के लिए पूरी तैयारी कर ली गई है। पूरे प्रदेश के सभी 33 जिलों में पदाधिकारियों को अलग-अलग जिलों में जिम्मेदारी दी गई है तथा वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे। कोरबा में अखिल भारतीय मंत्री व विद्युत प्रभारी राधेश्याम जायसवाल व महामंत्री नवरतन बरेठ रायगढ़ में शामिल होंगे। सभी जगह जोरदार प्रदर्शन किया जाएगा एवं ज्ञापन सौंपा जाएगा। इसके बाद रायपुर मुख्यालय में रैली व घेराव की रणनीति बनाई जाएगी।



# सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बिश्रामपुर का एसडीएम ने किया आकस्मिक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बिश्रामपुर में शुक्रवार को एसडीएम शिवानी जायसवाल ने औचक निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान लापरवाह चिकित्सकों और कर्मचारियों को फटकार लगाई गई है।अस्पताल की स्थिति देखकर उन्होंने कहा कि मरीजों की सुविधा से किसी भी तरह का समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

■ ड्यूटी समय पर नहीं मिले डॉक्टर, एक दिन का वेतन काटने के दिए गये निर्देश

एसडीएम ने निरीक्षण के दौरान कुछ चिकित्सक और कर्मचारी समय पर उपस्थित नहीं पाए।इस पर ड्यूटी से नदारद रहे चिकित्सकों का एक दिन का वेतन काटने के निर्देश जारी किए हैं।अचानक हुई कार्रवाई से पूरे अस्पताल प्रशासन में हड़कंप मच गया।निरीक्षण के दौरान एसडीएम ने अस्पताल में लगी एक्स-रे मशीन को लेकर भी नाराजगी जताई। उन्होंने बीएमओ डॉ.अमित भगत को निर्देशित किया कि मशीन को जल्द से जल्द नए भवन में शिफ्ट कराया जाए,ताकि मरीजों को बेहतर सुविधा मिल सके।एसडीएम ने अस्पताल परिसर की स्वच्छता और मरीजों की देखभाल पर भी कड़ी निगरानी रखने के निर्देश दिए।उन्होंने कहा कि अस्पताल में हमेशा डॉक्टर समय पर मौजूद रहें। मरीजों को उचित और समय पर उपचार मिले,अस्पताल परिसर में साफ-सफाई और स्वच्छ वातावरण सुनिश्चित हो।



# सामान्य सभा में जनप्रतिनिधियों ने उठाए जनहित के मुद्दे

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिला पंचायत के सभाकक्ष में शुक्रवार को सामान्य सभा की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. पवन कुमार सिंह ने की। इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री दिनेश कुमार नाग सहित जिला स्तरीय अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

बैठक में लोक निर्माण विभाग, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, स्वास्थ्य विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग तथा उद्योग विभाग के कार्यों की गहन समीक्षा की गई। संबंधित अधिकारियों ने अपने-अपने विभागों की योजनाओं की प्रगति एवं क्रियान्वयन की जानकारी दी। बैठक के दौरान जनप्रतिनिधियों द्वारा जनहित के मुद्दे उठाए गए जिसमें ग्रामीण क्षेत्रों के खराब हो चुके पहुंच मार्ग,जगह जगह गड्ढे वाली सड़को की मरम्मत एवं सुधार कार्य कराने की बात कही । जनप्रतिनिधियों ने ग्राम पंचायत रतखंडी, सिरमिना,उतरदा, डांगीआमा से शिवपुर पहाड़ तथा अखरापाली से दर्राभाटा के पहुंच मार्ग निर्माण शीघ्र कराने की बात रखी। जन प्रतिनिधियों ने कहा कि बरसात के मौसम में ग्रामीण क्षेत्रों में सर्पदंश की बढ़ती घटनाओं के मद्देनजर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में एंटी स्नेक वेनम की आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। स्वास्थ्य विभाग को निर्देशित किया गया कि दूरस्थ क्षेत्रों में ग्रामीणों को समय पर उचित उपचार के लिए एवं स्वास्थ्य सुविधा की दृष्टि से एम्बुलेंस की समुचित व्यवस्था की जाए।

**खास बात**

■ जिला पंचायत में आहूत बैठक में विभागीय योजनाओं की सदस्यों ने की समीक्षा


बैठक में उपस्थित जिला पंचायत अध्यक्ष व सदस्य तथा अधिकारी।

**सामान्य सभा में उठा पीएचसी का मुद्दा**

जिला पंचायत के सामान्य सभा की बैठक शुक्रवार को आहूत की गई। बैठक में जिला पंचायत के उपाध्यक्ष निकिता मुकेश जयसवाल के द्वारा हरदीबाजार प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सक के संबंध में पुनः मुद्दा उठाया गया। जिसमें डॉ प्रकृति की नियुक्ति की जानकारी दी गई पर उनके मुख्यालय में नहीं रहने के कारण हॉस्पिटल की व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गई है। पूर्व में डॉ आत्मनारायण कंवर की दी गई सेवा को क्षेत्र के लोग याद करते हैं उनके बाद जितने डॉक्टर नियुक्त हो रहे हैं सभी घर से एवं मोबाइल से ही इलाज कर रहे हैं, किसी को हॉस्पिटल में आए गरीब मरीजों की चिंता नहीं है बल्कि तत्काल रिफर कर दी जाती है। सीएचएमओ श्री केशरी के द्वारा शीघ्र इसको संज्ञान लेने एवम कार्यवाही की बात कही गई है।

## साडा कन्या विद्यालय को नाटक एवं समूह नृत्य में मिला प्रथम स्थान

**कोरबा।** राज्य परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा के तत्वाधान में विद्यार्थियों की कलात्मक प्रतिभा को पहचानने उसे पोषित करने और शिक्षा में कला को बढ़ावा देने के उद्देश्य से इस प्रतियोगिता का आयोजन किया जाता है। साडा कन्या विद्यालय की छात्राओं ने नाटक तथा लोकनृत्य प्रतियोगिता में भाग लेकर शानदार प्रथम स्थान प्राप्त किया साथ ही संभाग स्तर के लिए चयनित हुई है। विद्यालय की सांस्कृतिक प्रभारी व्याख्याता रेणुका लदेर के कुशल मार्गदर्शन एवं व्याख्याता सुनीला सिंह एवं उर्मिला राठौर के सहयोग से यह उपलब्धि हासिल की है।




# तीन सवारी बाइक में फर्राटे भरने वाले 299 चालकों पर गिरी गाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

फेस्टिवल सीजन की शुरुआत गणेश पूजा के साथ हो गई है। अब से लेकर दीपावली और छठ पूजा तक सडक़ों पर भीड़ बराबर नजर आएगी।किसी तरह की घटना दुर्घटना या चैन स्नेचिंग ना हो इसके लिए पुलिस एलर्ट हो गई है और बाइक में तीन सवारी लोगों को पुलिस सबक भी सीखा रही है। जिले में पुलिस ने 299 वाहन चालकों के खिलाफ कार्यवाही की है।

पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देशानुसार जिले में सजग कोरबा के तहत थाना, चौकी एवं यातायात पुलिस द्वारा अभियान चलाया गया। इस दौरान पुलिस के द्वारा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों पर निरंतर कार्रवाई कर रही है। यातायात नियमों का उल्लंघन करते हुए दोपहिया वाहनों में तीन सवारी बैठाकर चलाने वाले कुल 299 वाहन चालकों के विरुद्ध मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 128 एवं 177 के तहत कार्यवाही की गई। जिसमें विशेषतह 51 थाना दीपका, थाना कोतवाली 38, थाना कटघोरा 35 की कार्यवाही शामिल हैं। पुलिस ने सचेत किया है कि दोपहिया वाहन पर चालक सहित केवल दो सवारी ही बैठाएँ, हमेशा हेलमेट पहनकर ही वाहन चलाएँ और पीछे बैठने वाले को भी हेलमेट पहनाएँ, वाहन चलाते समय निर्धारित गति सीमा का पालन करें, शराब पीकर वाहन न चलाएँ, मोबाइल फोन का उपयोग करते हुए वाहन न चलाएँ, सड़क पर ट्रैफिक सिग्नल, संकेतक और नियमों का पालन करने की अपील की है।

# चक्रधर समारोह में अश्वीका देंगी नृत्य की प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



रायगढ़ के प्रतिष्ठित चक्रधर समारोह सुर-ताल छंद और घुंघुरू के चालीस बरस पर (छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव) कोरबा जिला की कत्थक नृत्यांगना जिसका चयन चक्रधर समारोह 2025 में हुआ है। कोरबा शहर के लिए अत्यंत गर्व की बात है। भारत के विभिन्न राज्यो से आए हुए ख्यातिप्राप्त कलाकारो द्वारा प्रस्तुति दी जायेगी। उद्घाटन समारोह में प्रसिद्ध कवि डॉ. कुमार विश्वास की प्रस्तुति एवं समापन समारोह प्रसिद्ध गायक पद्म श्री कैलाश खेर की प्रस्तुति होगी। अश्वीका साव के लिए यह अत्यंत गौरवपूर्ण उपलब्धि है। अश्वीका बचपन से ही कत्थक नृत्य में रुचि रखती है और कक्षा 7वीं डीपीएस एनटीपीसी का छात्रा है। अश्वीका ने अभी तक विभिन्न प्रतियोगिताओ, महोत्सवो, राष्ट्रीय पर्व में भाग ले चुकी है जिसमें प्रथम द्वितीय स्थान प्राप्त कर चुकी है। रायगढ़ के प्रतिष्ठित चक्रधर समारोह में 31 अगस्त को सयम 7 बजे रामलीला मैदान में कथक नृत्यांगना अश्वीका साव अपनी प्रस्तुति देंगी। चक्रधर समारोह अपनी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और कला को प्रदर्शित करने के लिए प्रसिद्ध है, जिसमें देश भर के प्रतिभाशाली कलाकार अपनी कला का प्रदर्शन करते हैं।

